भोला भाला मुखड़ा देखा खाटू के दरबार में

खाटू में बैठा है श्याम धणी सरकार,
बाबा के दीवाने है लाखो के पार,
दुनिया में डंका बज रहा है,
सांवरा सलोना सज रहा है,
भोला भाला मुखड़ा देखा खाटू के दरबार में,
इक पागल प्रेमी हो गया बाबा तेरे प्यार में......

बाबा के लिए बागा लेके जाऊँगा,
फूलों का बड़ा हार लेके जाऊँगा,
केसर चंदन का श्रृंगार लेके जाऊँगा,
पुरे परिवार को दरबार लेकर जाऊँगा,
भोला भाला मुखड़ा देखा खाटू के दरबार में,
इक पागल प्रेमी हो गया इक बाबा तेरे प्यार में......

जाना है तुझे तो साथ मेरे चल,
अपने परिवार को ले चल जल्दी से निकल,
सांवरा सलोना तेरी सुन लेगा,
तेरी परेशानियों का निकलेगा हल,
भोला भाला मुखड़ा देखा खाटू के दरबार में,
इक पागल प्रेमी हो गया इक बाबा तेरे प्यार में......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26945/title/bhola-bhala-mukhda-dekha-khatu-ke-darbaar-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |